# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:07-08 MAY 2026

# हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पर राजधानी में मीडिया महाकुंभ, 8 मई से होगा आगाज



**भोपाल ।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजधानी भोपाल में 8 से 10 मई 2026 तक तीन दिवसीय मीडिया महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। भारत भवन में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मई को सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से होने वाला यह आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में देश के 9 राज्यों से 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर और मीडिया विशेषज्ञ भाग लेंगे। इनमें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सहित कई प्रमुख नाम शामिल रहेंगे, जो पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा करेंगे। उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ पत्रकार उदय माहूरकर विषय प्रवर्तन करेंगे, जबकि अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण करेंगे।तीन दिन तक चलने वाले इस महाकुंभ में डिजिटल युग में टीवी पत्रकारिता की चुनौतियां, भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक आधार, भूमंडलीकरण के बाद मीडिया की भूमिका और नए भारत के निर्माण में भारतीय भाषाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। इसके साथ ही प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 'वंदेमातरम्' सहित अन्य प्रस्तुतियां होंगी।कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण हिंदी पत्रकारिता की 200 वर्ष की यात्रा पर आधारित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी होगी। इसके अलावा देश के वरिष्ठ कार्टूनिस्टों द्वारा लाइव कार्टून शो प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 'माखन के लाल' और 'कार्टून कथा' पुस्तकों का लोकार्पण भी किया जाएगा।इसके साथ ही विश्वविद्यालय के प्रायोगिक अखबारों 'विकल्प', 'पहल' और 'अभ्युदय' के विशेषांक जारी किए जाएंगे तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा तैयार तीन डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन भी होगा। यह आयोजन पत्रकारिता के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर व्यापक संवाद का मंच बनेगा, जहां देशभर के विशेषज्ञ अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा करेंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RASHTRIYA HINDIMAIL'06 MAY.2026

# एमसीयू में हिंदी पत्रकारिता पर मीडिया महाकुंभ 8 से

भोपाल। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) और वीर भारत न्यास द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8, 9 और 10 मई को भारत भवन में आयोजित होगा। 'प्रणाम! उदंत मार्तंड' शीर्षक से कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'07 MAY.2026

# 'प्रणाम उदंत मार्तण्ड' का शुभारंभ आज

भोपाल। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श का शुभारंभ शुक्रवार से भारत भवन में होगा। 8 से 10 मई तक चलने वाले आयोजन में पत्रकारिता, भारत केंद्रित चिंतन और सांस्कृतिक विमर्श पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। आयोजन में हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की यात्रा और भविष्य पर विमर्श होगा।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'08 MAY.2026


भारत भवन में आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण करेंगे उद्घाटन

# हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी पर आज से 'प्रणाम उदंत मार्तण्ड'

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण हो गए। इस द्विशताब्दी वर्ष पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श का आयोजन कर रहे हैं। 'प्रणाम उदंत मार्तण्ड" नाम से यह विमर्श भारत भवन में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे से शुरू हो जाएगा। तीन दिनों के आयोजन में मीडिया और भारत केंद्रित आठ सत्र होंगे।

इस विमर्श का उद्घाटन अयोध्या स्थित हनुमत निवास के आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण करेंगे। कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, फिल्मकार डा. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर, डा. सी. जयशंकर बाबू की भी मौजूदगी रहेगी। पहले दिन विमर्श के दो सत्र होंगे। पहले सत्र में 'डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता' पर परिचर्चा का आयोजन होगा।

## तीन दिनों में आठ सत्रों को संबोधित करेंगे मीडिया के दिग्गज



दूसरे सत्र में 'उत्तिष्ठ भारत' विषय पर आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण, नवदुनिया-नईदुनिया समूह के कार्यकारी संपादक विष्णु प्रकाश त्रिपाठी और राजेंद्र शर्मा का व्यक्तव्य होगा। दूसरे दिन सुबह के सत्र में भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान, भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण और हम भारत के लोग जैसे सत्र होने हैं। तीसरे दिन भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर, आत्मावलोकन, संकल्प और भारत स्वाभिमान जैसे महत्वपूर्ण सत्र होने हैं। इन सत्रों में देश भर से आए 60 से अधिक संपादक, मीडिया विशेषज्ञ, वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षाविद शामिल हो रहे हैं।

● **समाचार पत्रों की प्रदर्शनी लगेगी :** कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता की 200 वर्ष की यात्रा पर आधारित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी लगेगी। देश के 8 वरिष्ठ कार्टूनिस्टों द्वारा लाइव कार्टून प्रस्तुति भी दी जाएगी। इस अवसर पर 'माखन के लाल', 'कार्टून कथा' और 'खजुराहो' पुस्तक का लोकार्पण होगा।

### नागा साधुओं पर प्रदर्शनी में दिखेंगे शिवाजी, लक्ष्मीबाई के शस्त्र

परिसर में 'भारत स्वाभिमान-नागा साधु ज्ञान कोष प्रदर्शनी' लगेगी। इसमें 16वीं से 18वीं शताब्दी के लगभग 2500 ऐतिहासिक शस्त्र और दुर्लभ वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से मंगल पांडे की बंदूक, रानी लक्ष्मीबाई के परिवार से संबंधित आग्नेयास्त्र और छत्रपति शिवाजी से जुड़े शस्त्र भी शामिल होंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'08 MAY.2026

### हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष पर भारत भवन में 'प्रणाम ! उदन्त मार्त्तण्ड' शीर्षक समारोह आज

# भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक लेखक-पत्रकार होंगे शामिल

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम ! उदन्त मार्त्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8 मई से भारत भवन में होने जा रहा है। समारोह में देश के दिग्गज संपादक और लेखक शामिल होंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ, शुक्रवार 8 मई को प्रातः 10:30 शुभारंभ आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेगें। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर करेंगे तथा अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। समारोह में तीन सत्र भारत केंद्रित होंगे, जिन्हें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण और फिल्मकार डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी संबोधित करेंगे।

इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। सत्रों में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अधिवक्ता एवं लेखक जे.साईं दीपक, वरिष्ठ पत्रकार जे. नंदकुमार, विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, नगमा सहर, सईद अंसारी, उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री, जयंती रंगनाथन, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो.सोमा बंदोपाध्याय, विकास मिश्र, प्रफुल्ल केतकर, प्रत्यूष रंजन, डॉ. सी. जयशंकर बाबु, शैलेश पाण्डेय, हितेश शंकर, प्रतीक त्रिवेदी, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय, दिलीप शर्मा, शरद गुप्ता, सलमान रावी के अलावा 'गुल्लक' के लेखक दुर्गेश सिंह की भागीदारी रहेगी।

## इन विषयों पर होगी चर्चा

चर्चा सत्रों में डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता, भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान, भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण, भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर दो सौ वर्षों की पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी भी लगेगी। साथ ही देश के आठ वरिष्ठ कार्टूनिस्ट अपना लाइव कार्टून शो करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए उसके मूल्यों, चुनौतियों और संभावनाओं पर गंभीर विमर्श का मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में भारत भवन, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान, मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भी सहयोगी हैं।

## पहले दिन 'उत्तिष्ठ भारत' पर होगी चर्चा

शुभारंभ के बाद दो वैचारिक सत्र होंगे। इनमें पहले सत्र में दोपहर 2:30 बजे से 'डिजिटल सत्र में टीवी पत्रकारिता' विषय पर परिचर्चा होगी। परिचर्चा में टीवी पत्रकार शरद द्विवेदी, ब्रजेश राजपूत, सलमान रवि, अनुराग द्वारी, प्रवीण दुबे आदि विचार रखेंगे। दूसरे सत्र में अपरान्ह 4 बजे से 'उत्तिष्ठ भारत' विषय पर वक्तव्य होंगे। विषय पर मुख्य वक्तव्य आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) का होगा। इसके बाद 'स्वदेश ज्योति' पत्र समूह के प्रधान संपादक राजेन्द्र शर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार विष्णुप्रकाश त्रिपाठी के वक्तव्य होंगे।

## दो किताबों का लोकार्पण-

इस मौके पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के अनुभवों पर केंद्रित पुस्तक 'माखन के लाल' और 'कार्टून कथा' का लोकार्पण किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रायोगिक अखबारों 'विकल्प', 'पहल' और 'अभ्युदय' के विशेषांकों का भी विमोचन होगा। इसी तरह इलेक्ट्रानिक मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई तीन डाक्यूमेंट्री भी इस मौके पर रिलीज होगी। समारोह में प्रतिदिन 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## आकर्षण का केंद्र होगी भारत स्वाभिमान नागा साधु प्रदर्शनी

भारत भवन परिसर में भारत स्वाभिमान-नागा साधु ज्ञान कोष प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। जिसमें शिवकालीन, नागा शस्त्र परंपरा एवं 1857 में भाग लेने वाले वीरों के अस्त्र-शस्त्र को प्रदर्शित किया जा रहा है। जिसमें 16वीं से 18वीं शताब्दी की लगभग 2500 से अधिक ऐतिहासिक प्रादर्श हैं। इनमें भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम (1857) से सीधे संबंधित कई अत्यंत महत्वपूर्ण प्रादर्श शामिल हैं। मंगल पांडे की बंदूक, होशियार सिंह हंसा की बंदूक और रानी लक्ष्मीबाई (झांसी) के परिवार से संबंधित एक आग्नेयास्त्र। संग्रह में छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग किए गए आठ शस्त्र तथा 1857 के विद्रोह से जुड़ी बिदूर की वस्तुएँ भी शामिल हैं। प्रदर्शनी की थीम के अनुरूप ही अत्यंत पवित्र नाग शस्त्रागार जैसे त्रिशूल और वीर कंकण तथा नागा व्यायाम शालाओं-अखाड़ों में उपयोग होने वाले पारंपरिक उपकरण भी शामिल हैं। यह सामग्री कोर हेरिटेज, पुणे द्वारा संग्रहीत की गई है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI'08 MAY.2026

कई राज्यों से भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक संपादक भोपाल आएंगे

# तीन दिवसीय मीडिया महाकुंभ आज से

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श का शुभारंभ आज होगा।

इस समारोह में तीन सत्र भारत केंद्रित होंगे,जिन्हें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण और फिल्मकार डा. चंद्रप्रकाश द्विवेदी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में भारत भवन,दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान, मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद



भी सहयोगी हैं।

शुक्रवार प्रातः 10.30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। समारोह को पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर, डॉ. सी.जयशंकर बाबू, कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और श्रीराम तिवारी संबोधित करेंगे। विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ पत्रकार विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, नगमा सहर, सईद अंसारी, उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री, जयंती रंगनाथन, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो. सोमा बंधोपाध्याय, विकास मिश्र, प्रफुल्ल केतकर, प्रत्यूष रंजन, शैलेश पाण्डेय, हितेश शंकर, प्रतीक त्रिवेदी, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय, दिलीप शर्मा, शरद गुप्ता, सलमान रावी शामिल होंगे। इस अवसर दो सौ वर्षों की पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी भी लगेगी। साथ ही देश के आठ वरिष्ठ कार्टूनिस्ट अपना लाइव कार्टून शो करेंगे।

## किताबों का लोकार्पण

इस मौके विद्यार्थियों के अनुभवों पर केंद्रित पुस्तक 'माखन के लाल', 'कार्टून कथा' और 'खजुराहो' का लोकार्पण होगा। विश्वविद्यालय के प्रायोगिक अखबारों 'विकल्प', 'पहल' और 'अभ्युदय' के विशेषांकों का भी विमोचन होगा। इसी तरह इलेक्ट्रानिक मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई तीन डाक्यूमेंट्री भी इस मौके पर रिलीज होगी। समारोह में प्रतिदिन 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH'08 MAY.2026

**भारत भवन में** प्रणाम उदंत मार्तण्ड का शुभारंभ आज, सीनियर कंजर्वेटर पुणे के राकेश राव की प्रदर्शनी में दिखेंगे 700 साल पुराने अस्त्र-शस्त्र

# मंगल पांडे की बंदूक, शिवाजी के शस्त्र... इतिहास से रूबरू होगा भोपाल


पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com


**भोपाल.** मंगल पांडे की बंदूक, रानी लक्ष्मीबाई के घर से प्राप्त बंदूकों सहित छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग किए गए शस्त्रों को देखने का मौका भोपालवासियों को मिलने जा रहा है। यह खास प्रदर्शनी लगाई गई है भारत भवन में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श कार्यक्रम - 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' में। यहां अपना अद्भुत कलेक्शन लेकर आए हैं सीनियर कंजर्वेटर पुणे के राकेश राव। वे यहां भारत स्वाभिमान-नागा साधु ज्ञान कोष प्रदर्शनी लगा रहे हैं। इसमें शिवकालीन, नागा शस्त्र परंपरा एवं 1857 में भाग लेने वाले वीरों के अस्त्र-शस्त्र को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसमें 16वीं से 18वीं शताब्दी के 2500 से अधिक ऐतिहासिक प्रादर्श हैं। इनमें भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम (1857) से जुड़े महत्वपूर्ण प्रादर्श शामिल हैं। मंगल पांडे की बंदूक, होशियार सिंह हंसा (डकैत) की बंदूक प्रदर्शनी में पवित्र नाग शस्त्र तथा पूजा में उपयोग होने वाले पारंपरिक उपकरण भी शामिल हैं।



मंगल पांडे की बंदूक और रानी लक्ष्मीबाई के घर से प्राप्त बंदूक।

## शिवाजी महाराज के अंग रक्षक थे मेरे पुरखे

कोर हेरिसेट रिसर्च इंस्टिट्यूट, पुणे के रिसर्च डायरेक्टर राकेश राव ने बताया, मेरे पुरखे शिवाजी महाराज के अंग रक्षक थे। महाराज ने उन्हें शस्त्र निर्माण की विशेष जवाबदारी दी थी। हम तभी से ये चीजें संभाल रहे हैं। मैं 13वां वंशज हूं, जो यह कार्य कर रहा है। राकेश राव बताते हैं, नागा साधुओं की लश्करी परंपरा पर मैंने काफी रिसर्च की है। उससे समाज के लोगों को अवगत करा रहा हूं।

## मिनी तोप से देंगे डेमो

राकेश बताते हैं, हम तोप का छोटा रूप लाए हैं, जो असली तोप की तरह ही कांसा धातु से बनी है। बच्चों को इतिहास से अवगत कराने के उद्देश्य से हम ये डेमो देते हैं। ये डेमो हम 1979 से दे रहे हैं। भारत का पहला म्यूजियम ऑन व्हील्स हमने शुरू किया।





## भैंस के चमड़े की ढाल

हाथी और भैंस के चमड़े से बनी करीब 400 साल पुरानी ढाले यहां हैं। भैंस की ढाल में बंदूक की गोली का निशान है जो बताता है कि भैंस की ढाल बंदूक की गोली भी रोक सकती थी।

## पत्रकारिता की यात्रा पर समाचार पत्रों की प्रदर्शनी

**हिंदी पत्रकारिता** के 200 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श का शुभारंभ 8 मई को होगा। इसका शुभारंभ सुबह 10:30 बजे आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। समारोह को पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर, डॉ. सी. जयशंकर बाबू, कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी संबोधित करेंगे।


NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'08 MAY.2026



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रणाम !

# उदन्त मार्तण्ड

हिन्दी पत्रकारिता के द्विशताब्दी प्रसंग पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संकिरत

## हिंदुस्तानियों के हित के हेत



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## शुभारंभ

षष्ठी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
8 मई 2026, शुक्रवार । प्रात: 10.30 बजे । भारत भवन, भोपाल

आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण, अयोध्या
डॉ. सी. जयशंकर बाबु, पुडुचेरी
की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ सत्र

**बीज-वक्तव्य** - श्री उदय माहूरकर
वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त, भारत सरकार

### प्रथम दिवस

षष्ठी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
8 मई 2026, शुक्रवार

**प्रथम सत्र - 02.30 से 04.00 बजे**
परिचर्चा - डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता
**वक्तागण** - सर्वश्री सलमान रावी, दीप्ति चौरसिया
सुधीर दीक्षित, प्रवीण दुबे, अनुराग द्वारी
**सूत्रधार** - सुश्री संयुक्ता बनर्जी

**द्वितीय सत्र - 04.00 से 5.30 बजे**
उत्तिष्ठ भारत
**मुख्य वक्ता** - आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण
**वक्ता** - सर्वश्री विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, राजेंद्र शर्मा
**सूत्रधार** - सुश्री शिफाली पाण्डेय

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
वन्दे मातरम् - **वृन्दगान**
संगीत निर्देशन - उमेश तरकसवार, भोपाल

### द्वितीय दिवस

सप्तमी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
9 मई 2026, शनिवार

**तृतीय सत्र - 10.30 से 12.00 बजे**
भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान
**स्वत्व, स्वाभिमान, भारतबोध, राष्ट्रनिर्माण, लोकजागरण, अभिव्यक्ति की शक्ति**
सर्वश्री विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, प्रो. सोमा बंदोपाध्याय,
डॉ. सी. जयशंकर बाबु, प्रफुल्ल केतकर
**सूत्रधार** - डॉ. मुकेश मिश्र

**चतुर्थ सत्र - 12.00 से 1.30 बजे**
भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया
**वक्तागण** - सर्वश्री अमिताभ अग्निहोत्री, नगमा सहर,
सईद अंसारी, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार शर्मा
**सूत्रधार** - आदित्य श्रीवास्तव

**पंचम सत्र - 03.00 से 05.00 बजे**
नए भारत का निर्माण और हम भारत के लोग
**मुख्य वक्ता** : श्री हरिवंश, उपसभापति, राज्यसभा
**वक्तागण** : सर्वश्री उदय सिन्हा, विकास मिश्र, प्रत्यूष रंजन
**सूत्रधार** - गिरीश उपाध्याय

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
अंतर्वाणी
**कथक नृत्य प्रस्तुति**
अनसूया मजूमदार, सुरश्री भट्टाचार्य, नई दिल्ली

### तृतीय दिवस

अष्टमी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
10 मई 2026, रविवार

**षष्टम सत्र - 10.30 से 12.00 बजे**
भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर
**वक्तागण**- सर्वश्री कृपाशंकर चौबे ,जयंती रंगनाथन,
शैलेश पाण्डेय, हर्षवर्धन त्रिपाठी
**सूत्रधार** - अनिल पाण्डेय

**सप्तम सत्र (परिचर्चा) - 12.00 से 01.30 बजे**
आत्मावलोकन और संकल्प
**वक्तागण** - सर्वश्री प्रतीक त्रिवेदी, शरद गुप्ता
दुर्गेश सिंह, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय
अनुज खरे, **सूत्रधार** - प्रवीण शर्मा

**अष्टम सत्र - 03.00 बजे से 04.00 बजे**
भारत स्वाभिमान
**वक्ता** - डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, हितेश शंकर
**सूत्रधार** - डॉ. संजय द्विवेदी

**समापन सत्र - 04.00 से 05.30 बजे**
भारतीय पत्रकारिता के स्वर्णिम पृष्ठ
**"समग्र भारतीय पत्रकारिता" पर एकाग्र पुस्तक**
**वक्तागण** - सर्वश्री विजयदत्त श्रीधर, महेश श्रीवास्तव
प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
डॉ. जवाहर कर्नावट, **सूत्रधार** - शिवकुमार विवेक

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
निर्गुण गायन - भुवनेश कोमकली, देवास

समागम में विमर्श सत्र, प्रकाशन लोकार्पण, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक सभाएँ आयोजित की जायेंगी।
आप सादर आमंत्रित हैं।

## लोकार्पण

- माखन के लाल
  एमसीयू के पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से बनी पुस्तक
- कार्टून कथा
  देश के दिग्गज कार्टूनिस्टों की कृतियों से सजी किताब
- अभ्युदय
  सत्रारंभ कार्यक्रम पर केंद्रित पत्रिका
- प्रणाम उदंत मार्तण्ड
  आयोजन पर केंद्रित अखबार
- पहल
  युद्ध विशेषांक
- कांस्टीट्यूशन टू कम्युनिकेशन
- खजुराहो, लेखक - डॉ. फणिकांत मिश्रा
- कार्टून शो
- काव्य की कक्षा
- एमसीयू बुलेटिन
- प्रणाम उदंत मार्तण्ड

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई डाक्युमेंट्रीज

## प्रदर्शनी

8 से 10 मई 2026
प्रतिदिन 11:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक

**सदी साक्षी है**
पत्रकारिता के 200 वर्षों को दर्शाने वाले समाचार पत्रों की प्रदर्शनी

**भारत स्वाभिमान - नागा साधु ज्ञान कोष**
अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी

**लाइव कार्टून शो**
देश के आठ दिग्गज कार्टूनिस्टों की कार्यशाला एवं उनके चुनिंदा कार्टूनों की प्रदर्शनी

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
बिशनखेड़ी, भोपाल
वीर भारत न्यास
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जनसंपर्क विभाग का प्रतिष्ठा आयोजन**

म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्
विज्ञान भवन, धन्वन्तरि मार्ग, नेहरू नगर, भोपाल
दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान
ठेंगड़ी भवन, भारत माता चौराहा, भदभदा रोड, भोपाल

D-11017 /26

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'08 MAY.2026





प्रणाम !

# उदन्त मार्तण्ड

हिन्दी पत्रकारिता के द्विशताब्दी प्रसंग पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श

**हिंदुस्तानियों के हित के हेत**





## शुभारंभ

षष्ठी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
8 मई 2026, शुक्रवार । प्रातः 10.30 बजे । भारत भवन, भोपाल

**आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण**, अयोध्या
**डॉ. सी. जयशंकर बाबु**, पुडुचेरी
की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ सत्र
**बीज-वक्तव्य - श्री उदय माहूरकर**
वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त, भारत सरकार

### प्रथम दिवस

षष्ठी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
8 मई 2026, शुक्रवार

**प्रथम सत्र - 02.30 से 04.00 बजे**
**परिचर्चा - डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता**
**वक्तागण** - सर्वश्री सलमान रावी, दीप्ति चौरसिया
सुधीर दीक्षित, प्रवीण दुबे, अनुराग द्वारी
**सूत्रधार** - सुश्री संयुक्ता बनर्जी

**द्वितीय सत्र - 04.00 से 5.30 बजे**
**उत्तिष्ठ भारत**
**मुख्य वक्ता** - आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण
**वक्ता** - सर्वश्री विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, राजेंद्र शर्मा
**सूत्रधार** - सुश्री शिफाली पाण्डेय

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
**वन्दे मातरम् - वृन्दगान**
संगीत निर्देशन - उमेश तरकसवार, भोपाल

### द्वितीय दिवस

सप्तमी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
9 मई 2026, शनिवार

**तृतीय सत्र - 10.30 से 12.00 बजे**
**भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान**
**स्वत्व, स्वाभिमान, भारतबोध, राष्ट्रनिर्माण, लोकजागरण, अभिव्यक्ति की शक्ति**
सर्वश्री विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, प्रो. सोमा बंदोपाध्याय,
डॉ. सी. जयशंकर बाबु, प्रफुल्ल केतकर
**सूत्रधार** - डॉ. मुकेश मिश्र

**चतुर्थ सत्र - 12.00 से 1.30 बजे**
**भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया**
**वक्तागण** - सर्वश्री अमिताभ अग्निहोत्री, नगमा सहर,
सईद अंसारी, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार शर्मा
**सूत्रधार** - आदित्य श्रीवास्तव

**पंचम सत्र - 03.00 से 05.00 बजे**
**नए भारत का निर्माण और हम भारत के लोग**
**मुख्य वक्ता** : श्री हरिवंश, उपसभापति, राज्यसभा
**वक्तागण** : सर्वश्री उदय सिन्हा, विकास मिश्र, प्रत्यूष रंजन
**सूत्रधार** - गिरीश उपाध्याय

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
**अंतर्वाणी**
**कथक नृत्य प्रस्तुति**
अनसूया मजूमदार, सुरश्री भट्टाचार्य, नई दिल्ली

### तृतीय दिवस

अष्टमी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
10 मई 2026, रविवार

**षष्टम सत्र - 10.30 से 12.00 बजे**
**भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर**
**वक्तागण** - सर्वश्री कृपाशंकर चौबे, जयंती रंगनाथन,
शैलेश पाण्डेय, हर्षवर्धन त्रिपाठी
**सूत्रधार** - अनिल पाण्डेय

**सप्तम सत्र (परिचर्चा) - 12.00 से 01.30 बजे**
**आत्मावलोकन और संकल्प**
**वक्तागण** - सर्वश्री प्रतीक त्रिवेदी, शरद गुप्ता
दुर्गेश सिंह, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय
अनुज खरे, **सूत्रधार** - प्रवीण शर्मा

**अष्टम सत्र - 03.00 बजे से 04.00 बजे**
**भारत स्वाभिमान**
**वक्ता** - डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, हितेश शंकर
**सूत्रधार** - डॉ. संजय द्विवेदी

**समापन सत्र - 04.00 से 05.30 बजे**
**भारतीय पत्रकारिता के स्वर्णिम पृष्ठ**
**"समग्र भारतीय पत्रकारिता" पर एकाग्र पुस्तक**
**वक्तागण** - सर्वश्री विजयदत्त श्रीधर, महेश श्रीवास्तव
प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
डॉ. जवाहर कर्नावट, **सूत्रधार** - शिवकुमार विवेक

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
**निर्गुण गायन** - भुवनेश कोमकली, देवास

समागम में विमर्श सत्र, प्रकाशन लोकार्पण, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक सभाएँ आयोजित की जायेंगी।
आप सादर आमंत्रित हैं।

## लोकार्पण

- **माखन के लाल**
  एमसीयू के पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से बनी पुस्तक
- **कार्टून कथा**
  देश के दिग्गज कार्टूनिस्टों की कृतियों से सजी किताब
- **अभ्युदय**
  सत्रारंभ कार्यक्रम पर केंद्रित पत्रिका
- प्रणाम **उदंत मार्तण्ड**
  आयोजन पर केंद्रित अखबार
- **पहल**
  युद्ध विशेषांक
- **कांस्टीट्यूशन टू कम्युनिकेशन**
- **अनुवाद**, लेखक - डॉ. फणिकांत मिश्रा
- **कार्टून शो**
- **काव्य की कथा**
- **एमसीयू बुलेटिन**
- **प्रणाम उदंत मार्तण्ड**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई डाक्युमेंट्रीज

## प्रदर्शनी

8 से 10 मई 2026
प्रतिदिन 11:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक

**सदी साक्षी है**
पत्रकारिता के 200 वर्षों को दर्शाने वाले समाचार पत्रों की प्रदर्शनी

**भारत स्वाभिमान - नागा साधु नाम कोष**
अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी

**लाइव कार्टून शो**
देश के आठ दिग्गज कार्टूनिस्टों की कार्यशाला एवं उनके चुनिंदा कार्टूनों की प्रदर्शनी

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
बिशनखेड़ी, भोपाल
वीर भारत न्यास
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग**
**एवं जनसंपर्क विभाग का प्रतिष्ठा आयोजन**

म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्
विज्ञान भवन, धन्वन्तरि मार्ग, नेहरू नगर, भोपाल
दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान
ठेंगड़ी भवन, भारत माता चौराहा, भदभदा रोड, भोपाल

D-11017-26

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI'08 MAY.2026




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# प्रणाम ! उदन्त मार्तण्ड

हिन्दी पत्रकारिता के द्विशताब्दी प्रसंग पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श

**हिंदुस्तानियों के हित के हेत**



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## शुभारंभ

षष्ठी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
8 मई 2026, शुक्रवार । प्रातः 10.30 बजे । भारत भवन, भोपाल

**आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण**, अयोध्या
**डॉ. सी. जयशंकर बाबु**, पुडुचेरी
की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ सत्र
**बीज-वक्तव्य - श्री उदय माहूरकर**
वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त, भारत सरकार

### प्रथम दिवस

षष्ठी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
8 मई 2026, शुक्रवार

**प्रथम सत्र - 02.30 से 04.00 बजे**
**परिचर्चा - डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता**
**वक्तागण** - सर्वश्री सलमान रावी, दीप्ति चौरसिया
सुधीर दीक्षित, प्रवीण दुबे, अनुराग द्वारी
**सूत्रधार** - सुश्री संयुक्ता बनर्जी

**द्वितीय सत्र - 04.00 से 5.30 बजे**
**उत्तिष्ठ भारत**
**मुख्य वक्ता** - आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण
**वक्ता** - सर्वश्री विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, राजेंद्र शर्मा
**सूत्रधार** - सुश्री शिफाली पाण्डेय

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
**वन्दे मातरम् - वृन्दगान**
संगीत निर्देशन - उमेश तरकसवार, भोपाल

### द्वितीय दिवस

सप्तमी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
9 मई 2026, शनिवार

**तृतीय सत्र - 10.30 से 12.00 बजे**
**भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान**
**स्वत्व, स्वाभिमान, भारतबोध, राष्ट्रनिर्माण, लोकजागरण, अभिव्यक्ति की शक्ति**
सर्वश्री विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, प्रो. सोमा बंदोपाध्याय,
डॉ. सी. जयशंकर बाबु, प्रफुल्ल केतकर
**सूत्रधार** - डॉ. मुकेश मिश्र

**चतुर्थ सत्र - 12.00 से 1.30 बजे**
**भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया**
**वक्तागण** - सर्वश्री अमिताभ अग्निहोत्री, नगमा सहर,
सईद अंसारी, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार शर्मा
**सूत्रधार** - आदित्य श्रीवास्तव

**पंचम सत्र - 03.00 से 05.00 बजे**
**नए भारत का निर्माण और हम भारत के लोग**
**मुख्य वक्ता** : श्री हरिवंश, उपसभापति, राज्यसभा
**वक्तागण** : सर्वश्री उदय सिन्हा, विकास मिश्र, प्रत्यूष रंजन
**सूत्रधार** - गिरीश उपाध्याय

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
**अंतर्वाणी**
**कथक नृत्य प्रस्तुति**
अनसूया मजूमदार, सुरश्री भट्टाचार्य, नई दिल्ली

### तृतीय दिवस

अष्टमी, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष विक्रम सम्वत् - 2083
10 मई 2026, रविवार

**षष्टम सत्र - 10.30 से 12.00 बजे**
**भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर**
**वक्तागण**- सर्वश्री कृपाशंकर चौबे ,जयंती रंगनाथन,
शैलेश पाण्डेय, हर्षवर्धन त्रिपाठी
**सूत्रधार** - अनिल पाण्डेय

**सप्तम सत्र (परिचर्चा) - 12.00 से 01.30 बजे**
**आत्मावलोकन और संकल्प**
**वक्तागण** - सर्वश्री प्रतीक त्रिवेदी, शरद गुप्ता
दुर्गेश सिंह, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय
अनुज खरे, **सूत्रधार** - प्रवीण शर्मा

**अष्टम सत्र - 03.00 बजे से 04.00 बजे**
**भारत स्वाभिमान**
**वक्ता** - डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, हितेश शंकर
**सूत्रधार** - डॉ. संजय द्विवेदी

**समापन सत्र - 04.00 से 05.30 बजे**
**भारतीय पत्रकारिता के स्वर्णिम पृष्ठ**
**"समग्र भारतीय पत्रकारिता" पर एकाग्र पुस्तक**
**वक्तागण** - सर्वश्री विजयदत्त श्रीधर, महेश श्रीवास्तव
प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
डॉ. जवाहर कर्नावट, **सूत्रधार** - शिवकुमार विवेक

**सांस्कृतिक संध्या** - सायं 07.00 बजे, अंतरंग, भारत भवन
**निर्गुण गायन** - भुवनेश कोमकली, देवास

D-11017/26

समागम में विमर्श सत्र, प्रकाशन लोकार्पण, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक सभाएँ आयोजित की जायेंगी।
आप सादर आमंत्रित हैं।

## लोकार्पण

- **माखन के लाल**
  एमसीयू के पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से बनी पुस्तक
- **कार्टून कथा**
  देश के दिग्गज कार्टूनिस्टों की कृतियों से सजी किताब
- **अभ्युदय**
  सत्रारंभ कार्यक्रम पर केंद्रित पत्रिका
- प्रणाम **उदंत मार्तण्ड**
  आयोजन पर केंद्रित अखबार
- **पहल**
  युद्ध विशेषांक
- **कांस्टीट्यूशन टू कम्युनिकेशन**
- **खजुराहो**, लेखक - डॉ. फणिकांत मिश्रा
- **कार्टून शो**
- **काव्य की कक्षा**
- **एमसीयू बुलेटिन**
- **प्रणाम उदंत मार्तण्ड**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई डाक्युमेंट्रीज

## प्रदर्शनी

8 से 10 मई 2026
प्रतिदिन 11:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक

**सदी साक्षी है**
पत्रकारिता के 200 वर्षों को दर्शाने वाले समाचार पत्रों की प्रदर्शनी

**भारत स्वाभिमान - नागा साधु ज्ञान कोष**
अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी

**लाइव कार्टून शो**
देश के आठ दिग्गज कार्टूनिस्टों की कार्यशाला एवं उनके चुनिंदा कार्टूनों की प्रदर्शनी

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
बिशनखेड़ी, भोपाल
वीर भारत न्यास
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग**
**एवं जनसंपर्क विभाग का प्रतिष्ठा आयोजन**

म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्
विज्ञान भवन, धन्वन्तरि मार्ग, नेहरू नगर, भोपाल
दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान
ठेंगड़ी भवन, भारत माता चौराहा, चयपद्य रोड, भोपाल

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RAJ EXPRESS'08 MAY.2026